अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी संपत्ति, जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के संबंध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह, अर्थात (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्तयार के माध्यम से आपत्ति दो प्रति में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं. निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल—चल सम्पत्ति का विवरण)

ओसीसी वेलफेयर ट्रस्ट , पता– ओसीसी होम रूद्रक्ष बिल्डीग 16, मीरापथ, धेनु मार्केट, इन्दौर, मध्यप्रदेश.

अचल सम्पत्ति	:	निरंक
चल सम्पत्ति	:	रुपये 10,000/– (अक्षरी रुपये दस हजार मात्र)

आज दिनांक . . . . .को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

(G-1185)

क्र. 136—रीडर—1—2022. जूनी, इन्दौर, दिनांक 05 मई 2022

(फार्म चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 तीस (95) की धारा 5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम 1963 नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

श्री दसनाम गोस्वामी समाज ट्रस्ट, पता– गंगा भारती मठ हरसिद्धी, इन्दौर की ओर से आवेदक द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा 4 के अंतर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन—पत्र प्रस्तुत किया है.

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी संपत्ति, जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के संबंध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह, अर्थात (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्तयार के माध्यम से आपत्ति दो प्रति में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं. निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल—चल सम्पत्ति का विवरण)

श्री दसनाम गोस्वामी समाज ट्रस्ट, पता– गंगा भारती मठ हरसिद्धी, इन्दौर, मध्यप्रदेश.

अचल सम्पत्ति	:	निरंक
चल सम्पत्ति	:	रुपये 13,000/– (अक्षरी रुपयें तेरह हजार मात्र)

आज दिनांक . . . . .को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

अंशुल खरे, रजिस्ट्रार.

(G-1186)

कार्यालय, परिसमापक सामूहिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित, रमसंगरा, जिला टीकमगढ़, मध्यप्रदेश

टीकमगढ़, दिनांक 8 जून 2022

मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (ग) के अन्तर्गत क्रमांक/परि. 2021/1854 पंजीयक सहकारी संस्थायें जिला टीकमगढ़ के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69 के अन्तर्गत उक्त संस्था को परिसमापन में लाया जाकर धारा 70(1) के अन्तर्गत मुझे परिसमापक के नियुक्त किया गया है.

क्र.	संस्था का नाम	परिसमापक आदेश क्र./दिनांक
(1)	(2)	(3)
	सामूहिक कृषि सह. समिति मर्यादित रमसगरा	1854- /17-12-2021

अतः, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 67 (ग) के अन्तर्गत उक्त संस्था के समस्त दावेदारों को एतद्‌द्वारा सूचित किया जाता है कि वे संस्था के विरुद्ध अपने समस्त दावों को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 2 माह की अवधि में प्रमाण सहित मुझे लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकेंगे. प्रति की दशा में साहूकारगण किसी भी लाभ के वटवारे वंचित होने के दायित्वाधीन होंगे, यदि दो माह के अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो उसके स्वयंमेव मुझे विधिवत माने जायेंगे, उक्त सूचना के पश्चात् किसी सदस्य द्वारा सम्पर्क नहीं किया गया तो आगामी कार्यवाही की जावेगी, दस्तावेजों के अप्राप्त रहने की स्थिति में कार्यालय के रिकॉर्ड के आधार अन्तिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा.

यह सूचना-पत्र आज दिनांक 8 जून 2022 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया.

आर. के. श्रीवास्तव, सहकारी निरीक्षक.

(G-1187)

कार्यालय, उप पंजीयक सहकारी संस्थाऐं, जिला टीकमगढ़, मध्यप्रदेश

टीकमगढ़, दिनांक 17 दिसम्बर 2021

क्र. परिसमापन-2021-1854

आदेश

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69 (3) के अन्तर्गत]

कार्यालय कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2021/1366, टीकमगढ़, दिनांक 15 सितम्बर 2021 द्वारा सामूहिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित रमसगरा को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69(3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया जिसमें त्रुटियां पाई गई जो निम्नानुसार हैः—

1. संस्था पंजीयन की शर्तों का पालन नहीं कर पा रही है.
2. संस्था अपने उद्देश्यों को पूर्ण करने में असफल रही है.
3. संस्था के संचालन में सदस्यों की रूचि नहीं है.
4. संस्था का पंजीकृत पते पर बोर्ड नहीं लगाया गया है.
5. वर्ष 2020-21 की संस्था के पास प्रकाशित सूची नहीं है क्योंकि समिति उस समय सुपरशीट थी श्री नरेन्द्र खरे प्रभारी थे वर्ष 2011 से 2016 तक संस्था के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है.
6. संस्था में वर्षवार सदस्यता सूची नहीं बनाई गई समिति के नाम भू-अधिकार पुस्तिका (बंदी) की कॉपी प्रमाणित है जो आपके पास दे आये हैं.

7. सामूहिक कृषि सदस्यवार जोत पंजी नहीं बनाई गई है, क्योंकि सभी सदस्य मिलकर सामूहिक खेती करते हैं.

8. समिति सामूहिक कृषि की खेती है रसीद सामूहिक नाम से देते हैं कुछ सदस्यों को दो पैसा कैशबुक में डालते हैं फिर समिति की खेती व जमीन सुधार में लगा देते हैं, हर माह प्रस्ताव डालते हैं एक साल बाद आमसभा बुलाते हैं.

उक्त कारण बताओ सूचना पत्र के संबंध में सामूहिक कृषि सहकारी समिति रमसगरा के श्री ठाकुरदास यादव, अध्यक्ष सामूहिक कृषि सहकारी समिति रमसगरा तहसील बल्देवगढ़ जिला टीकमगढ़ द्वारा दिनांक 29-09-2021 को अपना बिन्दुबार/पदवार जबाब प्रस्तुत किया है जो निम्नानुसार है:—

1. यह कि कारण बताओ सूचना-पत्र के लेख अमान्य व अस्वीकार है संस्था पंजीयन की शर्तों का पालन करती है तथा प्रत्येक वर्ष श्रीमान के कार्यालय से संस्था का अंकेक्षण कराया जाता है.

2. कारण बताओ सूचना-पत्र के बिन्दु क्रमांक-2 अमान्य व अस्वीकार है संस्था अपने उद्देश्यों को पूर्ण करने में सफल रही है. संस्था के समस्त हितग्राही खुश व प्रसन्न हैं तथा कार्य करते हुये संस्था को अपने समस्त उद्देश्यों को पूर्ण करना है कुछ उद्देश्य पूर्ण हो गये और जो शेष है उसे भी संस्था पूर्ण कर लेगी.

3. पद क्रमांक-3 अमान्य व अस्वीकार है संस्था के संचालन में सभी सदस्यों की रूचि है तथा सभी सदस्य सहकारिता के नियमों के अनुसार कार्य करते हैं तथा सहयोग करते है.

4. पद क्रमांक-4 में लेख अमान्य व अस्वीकार है पंजीकृत संस्था के पते पर बोर्ड लगा हुआ है.

5. पद क्रमांक-5 के लेख अमान्य व अस्वीकार है समिति में वर्षवार सदस्यता सूची नहीं बनाई जाती है समिति के नाम से जो कृषि भूमि है उसकी भू-अधिकार पुस्तिका की प्रमाणित प्रति कार्यालय में श्री रावत जी के पास है.

6. पद क्रमांक-6 के लेख अमान्य व अस्वीकार है वर्ष 2011 से 2016 तक समिति सुपरशीट थी सुपरशीट का कोई रिकॉर्ड नहीं है.

7. पद क्रमांक-07 के लेख अमान्य व अस्वीकार है समिति की सामूहिक खेती की सदस्यता जोत पंजी बनाई नहीं जाती है क्योंकि सभी सदस्य मिलकर सामूहिक खेती करते हैं जिसका रिकॉर्ड जमा करके कैशबुक में दर्ज रहती है.

8. पद क्रमांक-08 कारण बताओ सूचना-पत्र के पद क्रमांक 08 के लेख अमान्य व अस्वीकार है संस्था सामूहिक कृषि की खेती है रसीद सामूहिक रूप से काटी जाती है सदस्यों का पैसा कैशबुक में डालते है समिति का पैसा खेती व जमीन सुधार में लगा देते हैं हरमाह प्रस्ताव डालते हैं एवं एक साल में आमसभा बुलाते हैं तथा जरूरत अनुसार आमसभा बुलाते हैं.

संस्था द्वारा दिये गये जबाब में कार्यालय द्वारा जारी कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2021/1366 को निरस्त करने एवं संस्था को परिसमापन में न लाये जाने हेतु निवेदन किया है.

उपरोक्त कारण बताओ सूचना-पत्र एवं सामूहिक कृषि सहकारी समिति रमसगरा के अध्यक्ष श्री ठाकुर दास यादव द्वारा दिये लिखित कथन व एवं संस्था के मूल अभिलेखों का परीक्षण करने पर निम्नानुसार स्थिति पाई गई.

संस्था को शासन द्वारा 22.277 हेक्टेयर लगभग 55 एकड़ भूमि का पट्टा तहसीलदार के हस्ताक्षर से मिला था संस्था ने भू-अधिकार पुस्तिका प्रस्तुत नहीं की जबकि संस्था उपविधि के नियम 26 (घ)(1) में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि पूरा क्षेत्र एक इकाई के रूप में जोता जाये और काम का बंटवारा समस्त सदस्य में व्यक्तिगत रूप से कर दिया जाये.

संस्था द्वारा कोई सदस्यता सूची संधारित नहीं की है मात्र 52 सदस्यों की सूची प्रस्तुत की गई है. अध्यक्ष द्वारा स्वीकार किया गया कि 2011 से 2016 तक का रिकॉर्ड उनके पास नहीं है उक्त रिकॉर्ड अप्राप्त रहने से 2011 से वर्तमान तक संस्था सदस्यों का सत्यापन नहीं किया गया कितने सदस्य जोड़े गये. साथ ही सदस्य जोड़ने एवं घटाने की प्रक्रिया विधिवत की गई है या नहीं.

संस्था के निम्नलिखित रिकॉर्ड संधारित नहीं किये गये हैं.

1. संस्था की विधिवत संधारित सदस्यता पंजी.
2. आमसभा पंजी.
3. अमानत प्राप्त एवं वापिसी पंजी.
4. मजदूरी पंजी.
5. विधिवत खर्च पंजी एवं व्हाउचर पंजी.
6. फसल विक्रय एवं फसल बंटवारा पंजी.
7. अंशपूंजी पंजी.
8. सदस्यों को कार्य बंटवारा पंजी. (भूमि आबंटन पंजी)

इससे स्पष्ट है कि उपविधि के नियम 28 का उल्लंघन किया गया संस्था के सचिव/प्रबंधक श्री दलपति प्रसाद रैकवार सामूहिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित रमसगरा के भी सदस्य हैं एवं दोनों समिति के सचिव/प्रबंधक भी हैं जो निम्नानुसार गलत है इनकी उम्र 81 वर्ष है कोई भी सदस्य कर्मचारी शासन के नियमानुसार 62 वर्ष की उम्र तक ही सेवा कर सकता है.

स्पष्ट है प्रबंधक अवैधानिक रूप से कार्य कर रहे हैं संस्था द्वारा आज दिनांक तक कार्यालय सहायक आयुक्त (अंके.) सहकारी संस्थाऐं टीकमगढ़ को संस्था में विगत 05 वर्षों से किसी अंकेक्षण टीप का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया है.

संस्था द्वारा पंजीकृत उपविधियों के अनुरूप कार्य में रूचि न लेना ऐसी स्थिति में संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं एस. पी. कौशिक उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला टीकमगढ़ म. प्र. शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक/एफ-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26-07-99 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए उक्त कारणों के आधार पर सामूहिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित रमसगरा तहसील बल्देवगढ़ जिला टीकमगढ़ को परिसमापन में लाता हूं तथा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 70 के अन्तर्गत श्री आर. के. श्रीवास्तव सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूं.

यह आदेश दिनांक 16-12-2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

एस. पी. कौशिक, उप पंजीयक.

(G-1188)

कार्यालय, संयुक्त आयुक्त सहकारिता, चंबल संभाग मुरैना (मध्यप्रदेश)

द्वितीय तल, चंबल भवन, ए. बी. रोड़ मुरैना

क्र. विधि-2022-269 मुरैना, दिनांक 10 जून 2022

कारण बताओ सूचना-पत्र

(अंतर्गत मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 18क)

कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला मुरैना के पत्र क0/शिका0/2021/1250 दिनांक 03.09.2021 के संलग्न शिकायत गीता महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्या0 नेपरी जांच प्रतिवेदन अनुसार–

1. संस्था सदस्य 1. श्रीमती शैलेन्द्री शुक्ला पत्नी माताराम 2. श्रीमती विमला पत्नी नरोत्तम 3. श्रीमती महादेवी शर्मा 4. श्रीमती मायादेवी 5. श्रीमती सरोज द्वारा जांच के समय दिये गये कथन कि वह गीता महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्या0 नेपरी की सदस्य नहीं हैं, नाम और फोटो कैसे जोड़ा गया जानकारी में नहीं है। स्पष्ट है कि संस्था पंजीयन के समय उक्त सदस्य थे ही नहीं।
2. वर्तमान समय में संस्था सदस्यता आवेदनों के पात्र सदस्यों के निवास पते संबंधित कोई व्यक्तिगत अभिलेख जॉच के समय उपलब्ध नहीं कराये गये, जिससे ऐसा लगता है कि संस्था के समस्त सदस्य संस्था कार्यक्षेत्र में निवास नहीं करते हैं।
3. संस्था की सदस्य सूची का प्रकाशन दिनांक 29.11.2016 को किया गया, जिसमें से क्रमांक 05 वैजन्ती, क0 07 मथुरा, क0 16 गीताबाई के नाम दर्शाये गये हैं, वे सूची प्रकाशन से पूर्व ही फोत हो चुके हैं, में स्पष्ट संस्था के सदस्य के संबंध में संस्था जानकारी नहीं रखती है।
4. संस्था की सदस्य सूची सदस्यता क0 10, 11, 15, 21, 27, 23 एवं 30 महिलायें ग्राम पंचायत नेपरी की निवासी थी। मतदाता सूची वर्ष 2016, 2020 एवं 2021 की मतदाता सूची में नाम नहीं है, स्पष्ट है, संस्था के सदस्य संस्था कार्यक्षेत्र से बाहर के होने के बाद भी संस्था का सदस्य बनाया गया है।
5. गत वर्षो का पी.डी.एस. कय विकय संबंधी संस्था का रिकार्ड जो संस्था में होना चाहिये, जो रिकार्ड संस्था में नहीं पाया गया है स्पष्ट, संस्था अपने रिकार्ड का व्यवस्थित ढंग से रखरखाव करती है न ही रिकार्ड संधारित किया जाता है।

6. इसके अलावा संस्था अपने उद्देश्यों के अनुरूप कार्य नही कर रही हैं। संस्था ने पंजीयन दिनांक से पीडीएस वितरण के अलावा अन्य कोई कार्य एवं व्यवसाय नहीं किया, जो संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति करता है।

उपरोक्त आधारों पर संस्था के अस्तित्व को बनाये रखना शासन/सदस्यों के हित में नहीं है। उप आयुक्त सहकारिता जिला मुरैना के पत्र के संलग्न जॉच प्रतिवेदन के परीक्षण उपरांत पाया गया गीता महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्या० नेपरी पंजीयन क्र० एआर/एमएनए/1170 दिनांक 16.07.2001 अपने उद्देश्यों की पूर्ति के अन्तर्गत निर्धारित कार्य एवं कर्तव्यों के निर्वहन में सतत् चूक कर रही है, साथ ही संस्था पंजीयन के समय सदस्यों का कार्यक्षेत्र से बाहर होना व सदस्यों द्वारा सदस्यता से मना करना फलस्वरूप सदस्यों के हित में गठित की गई इस संस्था का पंजीयन धारा 18(क) में निरस्त किया जाना आवश्यक हो गया है।

अतएव म०प्र० शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय भोपाल की अधिसूचना क्रमांक एफ–5–2–2010–पंद्रह–1–वी दिनांक 23.10.2021 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये मैं अरविन्द सिंह सेंगर, संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाऐं चंबल संभाग मुरैना गीता महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्या० नेपरी पंजीयन क्र० एआर/एमएनए/1170दिनांक 16.07.2021 के अध्यक्ष एवं समस्त संबंधित सदस्यगणों को एतद् द्वारा यह कारण बताओ सूचना पत्र जारी करता हूं कि संस्था का पंजीकरण धारा 18 (क) अंतर्गत क्यों न निरस्त कर दिया जाये। इस संबंध में अध्यक्ष/सदस्य अपना पक्ष रखना चाहते हैं तो दिनांक 24-06-2022 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा यह माना जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है, यह मानते हुये आगामी कार्यवाही की जावेगी।

यह कारण सूचना पत्र आज दिनांक 10-06-2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

अरविन्द सिंह सेंगर, संयुक्त आयुक्त.

(G-1189)

वनमण्डल अधिकारी, वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास द्वारा प्रसारित आदेश

आ. क्रमांक-DM-2021-1083 देवास, दिनांक 25 नवम्बर 2021

आदेश

वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव को कार्यालयीन चालान क्रमांक 10902 दिनांक 11.12.2014 से आर.डी.एफ. कूप क्र. III हतनोरी में ठुंठ ड्रेसिंग कार्य हेतु (DS 6) एवं आर.डी.एफ. कूप क्र. III चोरमाल में ठुंठ ड्रेसिंग कार्य हेतु (DS 16) हेमर प्रदाय किये गये थे ।

उक्त हेमर कार्य पुर्ण होने के उपरांत जमा नही कराये जाने के फलस्वरूप वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव को हेमर जमा कराये जाने के निर्देश दिये गये जिसके तारतम्य में वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव द्वारा उनके पत्र क्रमांक/डीएम/2020/1385 दिनांक 22.11.2020 से अवगत कराया गया कि उक्त हेमर श्री इन्दरसिंह रावत वनरक्षक (तत्कालिन बीटगार्ड कालापाठा) को आर.डी.एफ. कूपों में मार्किंग कार्य हेतु प्रदाय किये गये थे एवं उनके द्वारा हेमर जमा नही कराये गये है । हेमर अप्राप्त होने की स्थिति में कार्यालयीन पत्र क्रमांक/DM/2021/7452 दिनांक 03.09.2021 से श्री इन्दर सिंह रावत वनरक्षक के विरूद्ध लघु शास्ती आरोप पत्र ज्ञापित किया जाकर हेमर जमा कराने के निर्देश दिये गये । जिसके तारतम्य में श्री इन्दर सिंह रावत वनरक्षक द्वारा प्रेषित जबाव में कार्य उपरांत कर्तव्य स्थल से झोले में हेमर रखकर मुख्यालय आते समय मोटर सायकल पर पीछे रखा झोला गिर जाना एवं बहुत तलाश करने पर नही मिलाना एवं चार-पॉच दिन तक ग्रामीणों एवं राहगीरों से पूछताछ करने पर झोला नही मिलना दर्शाया जाकर हेमर गुम हो जाना बताया गया एवं गुम होने की सूचना तत्कालिन परिक्षेत्र सहायक श्री आर.सी. जाटव को दी जाना बताया गया ।

श्री इन्दरसिंह रावत वनरक्षक (तत्कालिन बीटगार्ड कालापाठा) द्वारा की गयी लापरवाही के लिए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही पारित की जाती है एवं उक्त दोनों हेमर की किमत रू 1600/- (एक हजार छः सौ मात्र) उनके वेतन से एकमुश्त वसूल की जाकर वन वित्तीय नियम 124 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उक्त दोनों हैमरों को अपलेखित किया जाता है, तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हैमर मिले तो उक्त हैमरों को निकटतम थाने में या किसी वन कार्यालय में जमा करें। इस विज्ञप्ति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से हैमर रखने या प्रयोग में लाते हुये पाया गया तो वह भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के अंतर्गत दंड का भागी होगा एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

पी. एन. मिश्रा, वनमण्डलाधिकारी.

(G-1190)

वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डल अधिकारी, वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास द्वारा प्रसारित आदेश

आदेश

आ. क्रमांक-DM-2022-40 देवास, दिनांक 24 जनवरी 2022

वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी बागली की बीट पलासी हेतु कार्यालयीन चालान क्रमांक 4455 (DS 86) दिनांक 30.03.1976 से जप्ती हेमर आवंटित किया गया था। वन परिक्षेत्र अधिकारी बागली द्वारा उनके पत्र क्र./माचि/2021/1823 दिनांक 29.12.2021 से उक्त हेमर के अंक घिस जाने (क्षतिग्रस्त होने से) के कारण ठुंठों पर हेमर का निशान स्पष्टरूप से अंकित नही होना दर्शाया जाकर से हेमर जमा कर नवीन हेमर प्रदाय हेतु मांगपत्र प्रस्तुत किया गया ।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वन वित्तीय नियम 124 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उक्त हैमर को अपलेखित किया जाता है, तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि इस विज्ञप्ति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से उक्त हैमर को अपने पास रखता है अथवा प्रयोग में लाते हुये पाया जाता है तो वह भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के अंतर्गत दंड का भागी होगा एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

पी. एन. मिश्रा, वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी.

(G-1191)

आ. क्रमांक-DM-2021-173 देवास, दिनांक 14 मार्च 2022

आदेश

वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी देवास को कार्यालयीन चालान क्रमांक 1609 दिनांक 07.03.2022 से आर.डी.एफ. कूप क्र. VI पार्दीखेडा में मार्किंग कार्य हेतु (D-68 DS) हैमर प्रदाय किया गया था। जिसे कार्य पुर्ण होने के उपरांत जमा नही कराये जाने के फलस्वरूप वन परिक्षेत्र अधिकारी देवास को उक्त हेमर जमा कराये जाने हेतु बार–बार निर्देश दिये जाने के पश्चात् भी हेमर जमा नही कराया जा सका । तदुपरांत् श्री ए.के. श्रीवास्तव उपवनमण्डल अधिकारी इन्दौर (तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी देवास) को कार्यालयीन पत्र क्रं/2022/1609 दिनांक 07.03.2022 से उक्त हेमंर जमा कराने एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने बाबद लेख किया गया, जिसके तारतम्य में श्री ए.के. श्रीवास्तव उपवनमण्डल अधिकारी इन्दौर (तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी देवास) द्वारा उनके पत्र क्रं/सीसी 2/22/752 दिनांक 07.03.2022 से उक्त हेमर तत्कालीन परिक्षेत्र सहायक सोनकच्छ श्री भीमसिंह सोलंकी, वनपाल को उनके प.स. सर्किल अंतर्गत कूप मे वानिकी कार्यो हेतु सौंपे जाना एवं वर्तमान में किसी कारणवश तत्समय परिक्षेत्र देवास स्तर पर उपरोक्त हेमर उचित रख–रखाव के अभाव में न मिलने पर क्षोभ व्यक्त करते हुये उक्त हेमर की मूल एवं दण्ड राशि जमा करने हेतु आदेशित करने बाबद लेख किया गया है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर श्री ए.के. श्रीवास्तव उपवनमण्डल अधिकारी इन्दौर (तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी देवास) से उक्त हेमर की किमत रू 800/– (आठ सौ मात्र) उनके वेतन से एकमुश्त वसूल की जाकर वन वित्तीय नियम 124 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उक्त हैमर को अपलेखित किया जाता है, तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हैमर मिले तो उक्त हैमर को निकटतम थाने में या किसी वन कार्यालय में जमा करें। इस विज्ञप्ति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से उक्त हैमर रखने या प्रयोग में लाते हुये पाया गया तो वह भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के अंतर्गत दंड का भागी होगा एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

पी. एन. मिश्रा, वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी.

(G-1192)

आ. क्रमांक-DM-2021-174 देवास, दिनांक 14 मार्च 2022

आदेश

वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी कन्नौरद को कार्यालयीन चालान क्रमांक 12337 दिनांक 29.11.2008 से आय.डब्ल्यू.सी. कूप क्र. VI खातामउ घोटामांडली में रिमार्किंग कार्य हेतु (य-7 KD) हैमर प्रदाय किया गया था। जिसे कार्य पुर्ण होने के उपरांत जमा नही कराये जाने के फलस्वरूप वन परिक्षेत्र अधिकारी कन्नौद को उक्त हेमर जमा कराये जाने हेतु बार–बार निर्देश दिये जाने के पश्चात् भी हेमर जमा नही कराया जा सका । तदुपरांत् श्री ए.के. श्रीवास्तव उपवनमण्डल अधिकारी इन्दौर (तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी कन्नौद) को कार्यालयीन पत्र क्रं/2022/1607 दिनांक 07.03.2022 से उक्त हेमर जमा कराने एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने बाबद लेख किया गया, जिसके तारतम्य में श्री ए.के. श्रीवास्तव उपवनमण्डल अधिकारी इन्दौर (तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी देवास) द्वारा उनके पत्र क्रं/सीसी 2/22/750 दिनांक 07.03.2022 से उक्त हेमर तत्कालीन परिक्षेत्र सहायक चन्द्रपुरा श्री अवधेश प्रताप सिंह, वनपाल को उनके प.स. सर्किल अंतर्गत कूप मे वानिकी कार्यो हेतु सौंपे जाना एवं वर्तमान में किसी कारणवश तत्समय परिक्षेत्र कन्नौद स्तर पर उपरोक्त हेमर उचित रख–रखाव के अभाव में न मिलने पर क्षोभ व्यक्त करते हुये उक्त हेमर की मूल एवं दण्ड राशि जमा करने हेतु आदेशित करने बाबद लेख किया गया है।

. अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर श्री ए.के. श्रीवास्तव उपवनमण्डल अधिकारी इन्दौर (तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी कन्नौद) से उक्त हेमर की किमत रू 800/– (आठ सौ मात्र) उनके वेतन से एकमुश्त वसूल की जाकर वन वित्तीय नियम 124 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उक्त हैमर को अपलेखित किया जाता है, तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हैमर मिले तो उक्त हैमर को निकटतम थाने में या किसी वन कार्यालय में जमा करें। इस विज्ञप्ति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से उक्त हैमर रखने या प्रयोग में लाते हुये पाया गया तो वह भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के अंतर्गत दंड का भागी होगा एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

पी. एन. मिश्रा, वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी.

(G-1193)

आ. क्रमांक-DM-2022-188 देवास, दिनांक 23 मार्च 2022

आदेश

वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव को कार्यालयीन चालान क्रमांक से 5916 दिनांक 05.07.13 से आर.डी.एफ. कूप क्र. I चपलासा में सी.बी.ओं कार्य हेतु (C-72 DS) हैमर प्रदाय किया गया था। जिसे कार्य पुर्ण होने के उपरांत जमा नही कराये जाने के फलस्वरूप वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव को उक्त हेमर जमा कराये जाने हेतु बार–बार निर्देश दिये गये । तदुपरांत् वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव द्वारा उनके पत्र क्रमांक/डी.एम./2022/334 दिनांक 01.03.2022 से उपवनमण्डल अधिकारी देवास के माध्यम से प्रेषित प्रतिवेदन अनुसार उक्त हेमर श्री उम्मेद सिंह राठौर सेवानिवृत्त (तत्कालिन प.स. कलवार ए) को प्रदाय किये जाना एवं उनके उनके अधिनस्थ बीटगार्ड किलोदा बी की हैसियत से वनरक्षक श्री विनोद कुमार सिंह पदस्थ थे । उपवनमण्डल अधिकारी देवास द्वारा उक्त हैमर अपलेखित करने एवं उक्त हैमर की किमत वनरक्षक श्री विनोद कुमार सिंह से वसूल किये जाने की अनुशंसा कि गयी ।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर श्री विनोद कुमार सिंह वनरक्षक से उक्त हेमर की किमत रू 800/– (आठ सौ मात्र) उनके वेतन से एकमुश्त वसूल की जाकर वन वित्तीय नियम 124 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उक्त हैमर को अपलेखित किया जाता है, तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हैमर मिले तो उक्त हैमर को निकटतम थाने में या किसी वन कार्यालय में जमा करें। इस विज्ञप्ति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से उक्त हैमर रखने या प्रयोग में लाते हुये पाया गया तो वह भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के अंतर्गत दंड का भागी होगा एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

पी. एन. मिश्रा, वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी.

(G-1194)

आ. क्रमांक-DM-2022-189 देवास, दिनांक 23 मार्च 2022

आदेश

वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी बागली को कार्यालयीन चालान क्रमांक 12607 दिनांक 01.12.2008 से आय.डब्ल्यू.सी. कूप क्र. VI तुमडीखेडा में मार्किंग कार्य हेतु (B-3 KD) हैमर प्रदाय किया गया था। जिसे कार्य पुर्ण होने के उपरांत जमा नही कराये जाने के फलस्वरूप वन परिक्षेत्र अधिकारी बागली को उक्त हेमर जमा कराये जाने हेतु बार–बार निर्देश दिये गये । वनपरिक्षेत्र अधिकारी बागली द्वारा उनके पत्र क्रं/2022/माचि/2022/358 दिनांक 15.03.2022 से उक्त हेमर श्री रघुवीरसिंह मौर्य वनरक्षक को से आय.डब्ल्यू.सी. कूप क्र. VI तुमडीखेडा मे वानिकी कार्यों हेतु प्रदाय किया जाना एवं उनके द्वारा जमा नही कराया जाना तथा दिनांक 20.08.2013 को श्री रघुवीरसिंह मौर्य वनरक्षक का निधन होना दर्शाया गया है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर उक्त हेमर जमा कराया जाना संभव नही है।

अतः वन वित्तीय नियम 124 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उक्त हैमर को अपलेखित किया जाता है, तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हैमर मिले तो उक्त हैमर को निकटतम थाने में या किसी वन कार्यालय में जमा करें। इस विज्ञप्ति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से उक्त हैमर रखने या प्रयोग में लाते हुये पाया गया तो वह भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के अंतर्गत दंड का भागी होगा एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

पी. एन. मिश्रा, वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी.

(G-1195)

आ. क्रमांक-DM-2021-229 देवास, दिनांक 11 अप्रैल 2022

आदेश

वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव को कार्यालयीन चालान क्रमांक से 5916 दिनांक 05.07.13 से आर.डी.एफ. कूप क्र. II चपलासा में सी.बी.ओं कार्य हेतु (C-85 DS) हैमर प्रदाय किया गया था। जिसे कार्य पुर्ण होने के उपरांत जमा नही कराये जाने के फलस्वरूप वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव को उक्त हेमर जमा कराये जाने हेतु बार–बार निर्देश दिये गये । तदुपरांत् वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव द्वारा उनके पत्र क्रमांक/डी.एम./2022/334 दिनांक 01.03.2022 से उपवनमण्डल अधिकारी देवास के माध्यम से प्रेषित प्रतिवेदन अनुसार उक्त हेमर श्री उम्मेद सिंह राठौर सेवानिवृत्त (तत्कालिन प.स. कलवार ए) को प्रदाय किये जाना एवं उनके उनके अधिनस्थ बीटगार्ड किलोदा बी की हैसियत से वनरक्षक श्री विनोद कुमार सिंह पदस्थ थे । उपवनमण्डल अधिकारी देवास द्वारा उक्त हैमर अपलेखित करने एवं उक्त हैमर की किमत वनरक्षक श्री विनोद कुमार सिंह से वसूल किये जाने की अनुशंसा कि गयी ।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर श्री विनोद कुमार सिंह वनरक्षक से उक्त हेमर की किमत रू 800/– (आठ सौ मात्र) उनके वेतन से एकमुश्त वसूल की जाकर वन वित्तीय नियम 124 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उक्त हैमर को अपलेखित किया जाता है, तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हैमर मिले तो उक्त हैमर को निकटतम थाने में या किसी वन कार्यालय में जमा करें। इस विज्ञप्ति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से उक्त हैमर रखने या प्रयोग में लाते हुये पाया गया तो वह भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के अंतर्गत दंड का भागी होगा एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

पी. एन. मिश्रा, वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी.

(G-1196)

आ. क्रमांक-DM-2021-261 देवास, दिनांक 19 अप्रैल 2022

आदेश

वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव को कार्यालयीन चालान क्रमांक से 2111 दिनांक 04.03.14 से आर.डी.एफ. कूप क्र. III चपलासा में सी.बी.ओं कार्य हेतु (A-51 DS) हैमर प्रदाय किया गया था। जिसे कार्य पुर्ण होने के उपरांत जमा नही कराये जाने के फलस्वरूप वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव को उक्त हेमर जमा कराये जाने हेतु बार–बार निर्देश दिये गये । तदुपरांत् वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव द्वारा उनके पत्र क्रमांक/डी.एम./2022/334 दिनांक 01.03.2022 से उपवनमण्डल अधिकारी देवास के माध्यम से प्रेषित प्रतिवेदन अनुसार उक्त हेमर श्री उम्मेद सिंह राठौर सेवानिवृत्त (तत्कालिन प.स. कलवार ए) को प्रदाय किये जाना एवं उनके उनके अधिनस्थ बीटगार्ड किलोदा बी की हैसियत से वनरक्षक श्री विनोद कुमार सिंह पदस्थ थे । उपवनमण्डल अधिकारी देवास द्वारा उक्त हैमर अपलेखित करने एवं उक्त हैमर की किमत वनरक्षक श्री विनोद कुमार सिंह से वसूल किये जाने की अनुशंसा कि गयी ।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर श्री विनोद कुमार सिंह वनरक्षक से उक्त हेमर की किमत रू 800/– (आठ सौ मात्र) उनके वेतन से एकमुश्त वसूल की जाकर वन वित्तीय नियम 124 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उक्त हैमर को अपलेखित किया जाता है, तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हैमर मिले तो उक्त हैमर को निकटतम थाने में या किसी वन कार्यालय में जमा करें। इस विज्ञप्ति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से उक्त हैमर रखने या प्रयोग में लाते हुये पाया गया तो वह भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के अंतर्गत दंड का भागी होगा एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

पी. एन. मिश्रा, वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी.

(G-1197)

आ. क्रमांक-DM-2021-330 देवास, दिनांक 10 मई 2022

आदेश

वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी कन्नौद को कार्यालयीन चालान क्रमांक 10404 दिनांक 03.11.2007 से पार्श्व में अंकित हेमर आर.डी.एफ. कूप क्र. VIII दावतपुरा में मार्किंग कार्य हेतु हैमर प्रदाय किया गया था। जिसे कार्य पुर्ण होने के उपरांत जमा नही कराये जाने के फलस्वरूप वन परिक्षेत्र अधिकारी कन्नौद को उक्त हेमर जमा कराये जाने हेतु बार–बार निर्देश दिये जाने के पश्चात् भी हेमर जमा नही कराया जा सका। तदुपरांत् श्री डी.के. मराठा वनपरिक्षेत्र अधिकारी बोरपानी, हरदा (तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी कन्नौद) को कार्यालयीन पत्र क्र/2021/7450 दिनांक 03.09.2021 से उक्त हेमर जमा कराने एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने बाबद लेख किया गया, जिसके तारतम्य में श्री डी.के. मराठा वनपरिक्षेत्र अधिकारी बोरपानी, हरदा (तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी कन्नौद) द्वारा उनके पत्र 325 दिनांक 22.04.2022 से उक्त हेमर तत्कालीन परिक्षेत्र सहायक ननासा श्री रामसिया जाटव, वनपाल को उनके प.स.. सर्किल अंतर्गत आर.डी.एफ. कूप क्र. VIII दावतपुरा में मार्किंग कार्य हेतु प्रदाय किया जाना एवं वर्तमान में किसी कारणवश तत्समय परिक्षेत्र कन्नौद स्तर पर उपरोक्त हेमर उचित रख–रखाव के अभाव में न मिलने पर क्षोभ व्यक्त करते हुये उक्त हेमर की मूल एवं दण्ड राशि जमा करने हेतु आदेशित करने बाबद लेख किया गया है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर श्री डी.के. मराठा वनपरिक्षेत्र अधिकारी बोरपानी, हरदा (तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी कन्नौद) से उक्त हेमर की किमत रू 800/– (आठ सौ मात्र) एक मुश्त वसूली जाकर वन वित्तीय नियम 124 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उक्त हैमर को अपलेखित किया जाता है, तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हैमर मिले तो उक्त हैमर को निकटतम थाने में या किसी वन कार्यालय में जमा करें। इस विज्ञप्ति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से उक्त हैमर रखने या प्रयोग में लाते हुये पाया गया तो वह भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के अंतर्गत दंड का भागी होगा एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

पी. एन. मिश्रा, वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी.

(G-1198)

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2022.

इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 25] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 24 जून 2022—आषाढ़ 3, शक 1944

भाग २

स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं

कुछ नहीं.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2022.